गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, भारत
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE: +91 11 26182955
फैक्स/FAX: +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail: info@gail.co.in

एनडी/गेल/सचिवालय/2020 10.07.2020

1. लिस्टिंग विभाग नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाज़ा, 5वीं मंजिल, प्लॉट नंबर सी / 1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई - 400051	2. लिस्टिंग विभाग बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड मंजिल 1, फीरोज़ जीजीभॉय टावर्स दलाल स्ट्रीट मुंबई - 400001

प्रिय महोदय,

कृपया "गेल द्वारा कंप्रेस्ड बायो गैस में कार्यरत स्टार्ट-अप में निवेश, सौलिसिटेशन राउंड जुलाई 24, 2020 तक ओपेन रहेगा" से संबंधित प्रेस विज्ञप्ति की प्रति संलग्न है।
उपर्युक्त आपकी जानकारी और रिकॉर्ड हेतु है।

सधन्यवाद,
भवदीय,

(हस्ताक्षर)

कंपनी सचिव
संलग्नक : उपरोक्तानुसार
प्रति :
ड्यूश बैंक एजी, फिलिअले मुंबई
टीएसएस एण्ड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
द कैपिटल, 14वीं मंजिल,
सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
मुंबई-400051

ध्यानाकर्षण:- सुश्री अपर्णा सालुंके

सीआईएन/CIN
L40200DL1984GOI018976
www.gailonline.com

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

गेल द्वारा कंप्रेस्ड बायो गैस में कार्यरत स्टार्ट-अप में निवेश, सौलिसिटेशन राउंड जुलाई 24, 2020 तक ओपेन रहेगा

नई दिल्ली, जुलाई 10, 2020 : गेल (इंडिया) लिमिटेड ने आज कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) के क्षेत्र में कार्यरत स्टार्ट-अप को सहयोग देने के लिए अपनी स्टार्ट-अप पहल 'पंख' के माध्यम से ऐसी कंपनियों में निवेश की योजना की घोषणा की है ।

विशेष रूप से सीबीजी के क्षेत्र में कार्यरत स्टार्ट-अप से निवेश प्रस्तावों के सौलिसिटेशन के लिए गेल ने एक नया चरण ओपेन किया है। गेल द्वारा इक्विटी निवेश में इच्छुक स्टार्ट-अप गेल की वेबसाइट gailonline.com पर आवेदन कर सकते हैं। सौलिसिटेशन राउंड जुलाई 24, 2020 तक ओपेन है।

भारत में व्यापक बायोमास संसाधन हैं और सीबीजी संयंत्रों की स्थापना को बढ़ावा देते हुए सरकार इसके उपयोग पर विशेष ज़ोर दे रही है। इसके अतिरिक्त, तेल और गैस कंपनियां लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) जारी करके सीबीजी को बढ़ावा देने हेतु प्रतिबद्धता देने के लिए तैयार हैं। इस प्रकार यह इस क्षेत्र में कार्यरत स्टार्ट-अप को व्यापार का अच्छा अवसर प्रदान करता है।

इस चरण में निम्नलिखित में से किसी भी क्षेत्र में कार्यरत स्टार्ट-अप आवेदन कर सकते हैं:

(i) प्रौद्योगिकी प्रदान करने वाले स्टार्ट-अप,

(ii) अपने वर्तमान सीबीजी संयंत्रों का विस्तार की योजना करने वाले स्टार्ट-अप

(iii) नए सीबीजी संयंत्रों की स्थापाना की योजना करने वाले स्टार्ट-अप

गेल ने भरोसेमंद स्टार्ट-अप में निवेश के लिए जुलाई, 2017 में अपनी महत्वाकांक्षी स्टार्ट-अप पहल 'पंख' लॉन्च की थी। अब तक, गेल ने चार सॉलिसिटेशन चरणों के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत 24 स्टार्ट-अप में निवेश किया है।